1 korba-BHOOMI-pg1_Layout 1 4/1/2024 11:57 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 पीएम की नीतियों से देश विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर : सरोज



## खबर संक्षेप

### विद्युत ठेका श्रमिक संघ ने वित्त मंत्री से की मुलाकात

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कैबिनेट मंत्री एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी, सरोज पांडे लोक सभा उम्मीदवार कोरबा से विद्युत ठेका श्रमिक संघ के प्रदेश पदाधिकारी महामंत्री दर्शन कुमार रजक, सचिव राकेश वर्मा, डिस्ट्रीब्यूशन जिला अध्यक्ष ललित बरेठ और अन्य ने मुलाकात की। 65 साल की जॉब सिक्योरिटी और विभाग वेतन पर चर्चा हुई। जिसमें बताया गया कि कमेटी बना दी गई है, पूर्ण रूप से आश्वासन दिया गया है कि 65 साल की जॉब सिक्योरिटी और विभागीय समायोजन निश्चित है। साथ ही साथ अनियमित कर्मचारियों के लिए जो कमेटी बनाई गई है उसमें ऊर्जा विभाग के भी एक सदस्य को कमेटी में रखने आश्वासन दिया है। प्रदेश स्तरीय के कार्यक्रम पर चर्चा हुई। ओपी चौधरी, डिप्टी सीएम अरुण साव, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री लखन देवांगन और अन्य नेता उपस्थित रहेंगे।

### वितरण विभाग की लापरवाही से हादसे का मंडरा रहा खतरा

**कोरबा।** शहर के मुख्य मार्गों से लगे ट्रांसफार्मर और उस पर करंट प्रवाहित तार हादसे का कारण बन सकता है। कई स्थानों के ट्रांसफार्मर और टीपी बॉक्स भी खुले पड़े हैं। बावजूद इसके विद्युत विभाग के अफसर इसे व्यवस्थित करने पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह स्थिति शहर के तुलसीनगर, पाड़ीमार और दर्री जोन क्षेत्र अंतर्गत के कई स्थानों की है। बिजली आपूर्ति के लिए मुख्य मार्गों के किनारे ट्रांसफार्मर और टीपी बॉक्स लगाए गए हैं। लेकिन कर्मचारियों ने तार व्यवस्थित नहीं किया। इसे लेकर अफसर पर अनदेखी कर रहे हैं। इसमें से अधिकांश करंट प्रवाहित तार जमीन पर लटक रहे हैं, तो कई स्थानों पर टीपी बॉक्स कम ऊंचाई पर हैं और खुले हुए हैं। करंट प्रवाहित तार के आसपास आने का खतरा बना हुआ है।

### प्रेशर हॉर्न वालों पर नरम पड़ी कार्रवाई, फिर बढ़ी सक्रियता

**कोरबा।** शहर में बाइकर्स गिरोह लोगों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने दोपहिया वाहनों में प्रेशर हॉर्न का उपयोग कर रहे हैं। मुख्य मार्गों पर तेज गति से वाहन चलाते व लंबी हॉर्न बजाते हुए दोपहिया वाहनों को दौड़ा रहे हैं। इससे उन्हें इस बात से कोई लेना-देना नहीं होता कि मार्ग पर चलने वाले अन्य लोगों को क्या परेशानी होती है। प्रेशर हॉर्न की कानफोडू आवाज से सडक़ पर चलने वाले अन्य दोपहिया वाहन चालक हड़बड़ा जाते हैं और कई बार दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं। पुलिस कप्तान के निर्देश पर कार्रवाई तो की गई है, लेकिन अब प्रेशर हॉर्न लगाकर चलने वाले शौकीन शहर में मौजूद है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक कार्रवाई करना भूले अफसर

**कोरबा।** सिंगल यूज प्लास्टिक पर अफसर लगातार नरमी बरत रहे हैं। स्थिति ये है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर किसी तरह की रोक नहीं लग सकी है। धड़ल्ले से प्रतिबंधित प्लास्टिक मार्केट में खप रहा है। इसे देखते हुए अब शासन ने व्यापक तौर पर अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। प्लास्टिक के बढ़ते इस्तेमाल को रोकने के लिए एक जुलाई 2022 से सरकार ने रोक लगा दी है। इसके तहत, सिंगल यूज प्लास्टिक आइटम के मैन्युफैक्चरिंग, इंपोर्ट, स्टॉकिंग, डिस्ट्रीब्यूशन, बिक्री और इस्तेमाल पर बैन लगाया गया है सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग के साथ कैरी बैग विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान भी है। 100 ग्राम कैरीबैग मिलने पर 500 रुपये, 101 से 500 ग्राम तक 1500 रुपये, 501 ग्राम से एक किलो ग्राम तक 2000 हजार रुपये, एक किलोग्राम से अधिक पांच किलोग्राम तक दस हजार रुपये, पांच किलोग्राम से दस किलोग्राम तक 20 हजार रुपये तथा दस किलोग्राम से अधिक मात्रा मिलने पर 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाना है लेकिन जुर्माने की कार्रवाई नहीं हो रही है। सिंगल यूज प्लास्टिक का मतलब प्लास्टिक से बनी उन प्रोडक्ट से है जिसे एक बार ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

# रजिस्ट्री की नई दर होगी लागू, 30 प्रतिशत की छूट होगी समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बीते पांच साल से 30 प्रतिशत पंजीयन की दर में दी गई छूट की अवधि 30 मार्च को समाप्त हो गई। रजिस्ट्री की नई दर 1 अप्रैल से राज्य सरकार ने लागू की है। जिसकी गाईड लाइन दो दिन बाद जारी कर दी जाएगी। आम खरीददार 30 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाने सामने नहीं आए। परिणाम स्वरुप पंजीयन विभाग 47 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध महज 33 करोड़ की राजस्व आय ही अर्जित कर सका।

पंजीयन विभाग नए दर को लेकर अपने प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है। दस्तावेज पंजीयन दर में 30 प्रतिशत की छूट प्रदेश में कांग्रेस सरकार के बनने के बाद दी गई थी। छूट का परिणाम यह रहा है कि शुरुआती दौर में तो लोगों ने इस छूट का लाभ उठाया। जिससे पंजीयन विभाग की राजस्व आय भी बढ़ी किंतु बीते दो वर्ष से छूट का लाभ उठाने वालों में रुचि नहीं दिखी। विभाग को छूट की वजह से राजस्व की कम आय हुई। 30 मार्च को छूट की यह दर समाप्त कर दी गई है। हालांकि इसकी अधिकृत जानकारी पंजीयन विभाग के पास नहीं पहुंची है किंतु यह माना जा रहा है कि चार वर्ष से पंजीयन दर नहीं बढ़ने के कारण राजस्व आय की क्षति हो रही थी। जिसे देखते हुए जिले के पंजीयन विभाग ने दस्तावेज पंजीयन की जो दर वर्ष 2018-19 में निर्धारित थी। उक्त दर को ही आगे बढ़ाने की तैयारी करते हुए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है। एक दो दिन में इसकी भी अधिकृत जानकारी प्रेषित कर दी जाएगी। 1 अप्रैल के दिन सॉफ्टवेयर बंद होने के कारण पंजीयन का कार्य बंद रहा। विभाग को छूट की सीमा बढ़ाने संबंधी निर्देश शासन से नहीं मिले हैं। पंजीयन विभाग यह मानकर चल रहा है कि छूट की सीमा ⏭ शेष पेज 3 पर

## छूट का लाभ लेने भी आगे नहीं आए खरीददार

**खास बातें**

- पंजीयन विभाग लक्ष्य से 9.51 करोड़ रुपए रहा पीछे
- शुरुआती दौर में लोगों ने छूट का जमकर उठाया लाभ




### लक्ष्य से पीछे

कोरबा शहर औद्योगिक क्षेत्र के रुप में पहचाना जाता है, जिसकी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि आदिवासी क्षेत्र होने के कारण यह अब आगे नहीं बढ़ पा रहा है। ऐसी स्थिति में जो जमीनें सीमित संख्या में मौजूद है उनकी खरीदी बिक्री हो रही है। प्रदेश के अन्य जिलों के तुलना में कोरबा में जमीन की कीमत अधिक है। उसके बावजूद पंजीयन विभाग का लक्ष्य से पीछे रहने का कारण 30 प्रतिश की छूट का बताया जा रहा है।

## लगातार दूसरे वर्ष कोयला उत्पादन में 20 मिलियन टन से अधिक की वृद्धि

# 50 मिलियन टन उत्पादन के साथ कुसमुंडा बनी देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वित्तीय वर्ष 2023-24 एसईसीएल के लिए ऐतिहासिक नतीजे लेकर आया। कम्पनी ने 187 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया जो कि स्थापना से किसी भी एक वर्ष का सर्वाधिक उत्पादन है। एसईसीएल ने वार्षिक आधार पर लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन से अधिक की बढ़ोत्तरी दर्ज की है। गत वित्तीय वर्ष में एसईसीएल ने 180.5 मिलियन टन कोयला उपभोक्ताओं को प्रेषित किया जिसमें सर्वाधिक 147.8 मिलियन टन कोयला देश के विद्युत संयंत्रों को भेजा गया, यह किसी एक वर्ष में कम्पनी द्वारा पावर सेक्टर को दिया गया सर्वाधिक डिस्पैच है। ओव्हर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) में कम्पनी ने ऐतिहासिक परिणाम दिए व 22 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के साथ 323.2 मिलियन क्यूबिक मीटर ओबीआर निष्कासित किया।

एसईसीएल के रिकॉर्ड उत्पादन में मेगा परियोजनाओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान ने उत्पादन लक्ष्य को पार करते हुए 50 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन हासिल किया और इसी के साथ यह गेवरा के बाद देश की दूसरी सबसे बड़ी कोयला खदान बनी। गेवरा ने लगातार दूसरे वर्ष 50 मिलियन टन कोयला उत्पादन पार किया और खदान का कुल उत्पादन 59 मिलियन टन के पार हुआ। कम्पनी की तीसरी मेगा परियोजना दीपका ने भी पिछले वर्ष के वार्षिक उत्पादन को पीछे छोड़ते हुए 33.42 मिलियन टन उत्पादन दर्ज किया। इसके साथ ही कंपनी के रायगढ़ एवं सोहागपुर क्षेत्रों ने अपना लक्ष्य हासिल करते हुए क्रमशः 14.48 मिलियन टन एवं 6.03 मिलियन टन उत्पादन किया। एसईसीएल का यूजी प्रोडक्शन 12 मिलियन टन रहा तथा इसमें लगातार दूसरे वर्ष वृद्धि दर्ज की गयी।




केक काटकर खुशी मनाते एसईसीएल के अधिकारी।

### किया विभिन्न सामाजिक कार्य

एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में इस वर्ष कुल 707 भूविस्थापितों को रोजगार स्वीकृत किए जो कि पिछले एक दशक में सर्वाधिक है। एसईसीएल ने गत वित्तीय वर्ष में सीएसआर के अंतर्गत विभिन्न सामाजिक कार्यों पर सीएसआर व्यय के लक्ष्य को हासिल किया। डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर 60 प्रतिशत खर्च के लक्ष्य के मुकाबले एसईसीएल द्वारा सीएसआर व्यय का 70 प्रतिशत इस क्षेत्र में खर्च किया गया।

### गेवरा बनेगी एशिया की सबसे बड़ी खदान

वित्तीय वर्ष 2023-24 में एसईसीएल की गेवरा खदान के खाते में एक और उपलब्धि जुड़ी जब खदान को 70 मिलियन टन उत्पादन क्षमता विस्तार के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति मिली। इसके साथ ही अब गेवरा का एशिया की सबसे बड़ी खदान बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

### सोलर परियोजनाएं हुई शुरू

इस वर्ष कम्पनी ने लक्ष्य 430 हेक्टेयर के मुक़ाबले 475 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में रिकार्ड 10.77 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जोकि कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक रहा। इसके साथ ही वर्ष 2023-24 में एसईसीएल के भटगांव क्षेत्र में 20 मेगावाट की ग्राउंड माउंटेड ग्रिड कनेक्टेड सोलर परियोजना से उत्पादन की शुरुआत हुई। वहीं एसईसीएल मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में 4 हजार किलोवाट की रूफ-टॉप सोलर परियोजनाओं के लिए वर्क अवार्ड हुआ। कंपनी के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में लगभग 15 इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रयोग में लाने की शुरुआत भी हुई।

# 6 सौ करोड़ के राजस्व लक्ष्य से पिछड़ा खनिज विभाग


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के बड़े-बड़े कोयला खदान होने की वजह से जिले के खनिज विभाग को राज्य सरकार ने 3333 करोड़ का राजस्व लक्ष्य हासिल करने का टारगेट दिया था लेकिन इस वर्ष खनिज विभाग को टारगेट पूरा करने में सफलता हाथ नहीं लगी है। बताया जाता है कि इस साल खनिज विभाग ने 2700 करोड़ रुपए का ही राजस्व लक्ष्य जुटा पाया है जो पूर्व राजस्व लक्ष्य का 81 फ़ीसदी है। बताया जाता है कि पिछले वर्ष राजस्व लक्ष्य 1807 करोड़ था जिसे इस वर्ष बढ़ाकर 3333 करोड़ कर दिया गया था। राजस्व लक्ष्य बढ़ने की वजह से इस वर्ष खनिज विभाग अपने टारगेट को पूरा करने में असफल रही।

उल्लेखनीय है कि जिला खनिज विभाग द्वारा जिले में संचालित कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, मानिकपुर सहित अन्य संचालित खदानों से राजस्व की प्राप्ति करता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए राज्य सरकार ने जिला खनिज विभाग को 3333 करोड़ का राजस्व लक्ष्य हासिल करने का टारगेट दिया था। खनिज विभाग की टीम राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए जी तोड़ प्रयास कर रही थी। बताया जाता है कि खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक और उप खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे व उनकी टीम इस राजस्व लक्ष्य को जुटाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही थी लेकिन इस बार विभाग को सफलता नहीं मिली लेकिन इसके बाद भी विभाग ने 2700 करोड़ का राजस्व जुटाने में कामयाब रही है। जो कुल राजस्व लक्ष्य का 81 फ़ीसदी है। वित्तीय वर्ष में खनिज विभाग में राजस्व लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया था बल्कि राजस्व लक्ष्य से अधिक राजस्व हासिल करने में कामयाबी हासिल की थी। जिसकी वजह से खनिज विभाग को एक साथ 1500 करोड़ अतिरिक्त राजस्व हासिल करने का टारगेट दिया गया था जिसकी वजह से इस वित्तीय वर्ष में खनिज विभाग इस टारगेट को पूरा करने में असफल रही। अब नए वित्तीय वर्ष के लिए पुनः राज्य सरकार द्वारा नया टारगेट निर्धारित किया जाएगा।

**खास बातें**

- 3333 करोड़ का राजस्व जुटाने का मिला था लक्ष्य
- 2700 करोड़ राजस्व लक्ष्य ही हासिल कर पाया विभाग



फाइल फोटो

### अवैध परिवहन के कुल 352 प्रकरण हुए हैं दर्ज

खनिज उपसंचालक प्रमोद कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस समाप्त हो चुके वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला खनिज विभाग की टीम ने अवैध परिवहन के कुल 352 प्रकरण दर्ज किए हैं। जिनसे बतौर जुर्माना के रूप में 51 लाख रुपए राजस्व हासिल किया गया है जबकि अवैध उत्खनन के 6 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिनसे बतौर जुर्माने के रूप में 4 लाख 97 हजार रुपए का राजस्व हासिल किया गया है जबकि इसी तरह अवैध भंडारण के 5 प्रकरणों में 5 लाख 45 हजार रुपए की राजस्व वसूली की गई है।

# अध्यक्ष व सचिव के 4-4 दावेदारों के बीच होगी जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव नामांकन की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद दावेदारों की अंतिम सूची प्रकाशित हो गई है। किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया है। अब अध्यक्ष के लिए तो सचिव के लिए भी 4 दावेदार मैदान में हैं जिनके बीच जंग होगी और 8 अप्रैल को तय हो जाएगा कि जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद सहित अन्य पदों पर कौन आसिन होता है।

जिला अधिवक्ता संघ के 2 वर्ष कार्यकाल के लिए सोमवार की सुबह 11 से 2 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। हालांकि इस दौरान किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। जिला अधिवक्ता संघ के मुख्य चुनाव अधिकारी गोपी कौशिक ने शाम 4 बजे प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित कर दी है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए अब्दुल रहमान, सुधीर निगम, गणेश कुलदीप, धनेश सिंह सहित कुल चार लोग दावेदार हैं। इसी तरह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुष पद के लिए बीपी मोदी, अनीश सक्सेना, नरेश साहू, संदीप प्रजापति, महिला उपाध्यक्ष में सुश्री राजेश्वरी राठौर, श्रीमती शिवकुमारी कंवर, सुश्री उत्तरा राठौर, इसी तरह सचिव पद के लिए सुनील यादव, नूतन सिंह, रघुनंदन सिंह व प्रशांत धुर्य, सहसचिव पद के लिए राजू देवांगन, बालक ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- अधिवक्ता संघ चुनाव, प्रत्याशियों की अंतिम सूची हुई प्रकाशित

# दो दिन में 143 वारंट की तामीली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर बेसिक पुलिसिंग के तहत जिले में शांति व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के लिए फरार वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान के निर्देश दिया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी के द्वारा कार्यवाही किया गया है।

पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा लगातार 2 दिनों से सभी थाना क्षेत्रान्तर्गत फरार वारंटियों की सूची तैयार कर थाना स्तर पर टीमें बनाई गई है जिसके द्वारा सक्रिय मुखबिरों से सूचनाओं लेकर एवं दीगर जिले के फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया गया। विशेष कर कई सालों से फरार वारंटियों की भी पता तलाश कर दबिश दिया गया (गंभीर अपराध चोरी, लूट 420 आदि) में संलिप्त वारंटियों की गिरफ्तारी की गई। कोरबा पुलिस के द्वारा 50 स्थाई वारंट और 93 गिरफ़्तारी वारंट कुल 143 वारंट तामील किए गए। थाना बालको के द्वारा 37 साल और 32 साल से फ़रार 2 आरोपी को गिरफ़्तार कर जेल दाखिल किया गया। चौकी मानिकपुर के द्वारा 15 साल से फ़रार आरोपी को गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया। थाना पसान के द्वारा 9 साल पुराने 1 स्थाई वारंटी को पकड़ कर जेल दाखिल किया। उसी तरह थाना बांगो और चौकी रजगामार के द्वारा 8 साल से फ़रार 3 स्थाई वारंटी को तामील किया। ज्ञात हो कि पहले भी ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- 37 साल व 32 साल से फरार वारंटियों को भी विशेष अभियान के तहत पकड़ा गया



पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए वारंटी।

### करंट की चपेट में आकर नाबालिग झुलसा

**कोरबा।** आरा मशीन के पास निर्माणाधीन मकान पर चढ़ा एक किशोर ऊपर से गुजरी एचटी लाइन के संपर्क में आकर झुलस गया। शहर के साडा कालोनी निवासी एक परिवार का आरामशीन काजू गार्डन कचरा गोदाम के पास मकान निर्माणाधीन है, जहां रविवार की सुबह परिवार का 17 वर्षीय किशोर कार्य की प्रगति को देखने के लिए चढ़ा था। इस दौरान वह ऊपर से गुजरी 11केवी के एचटी लाइन के संपर्क में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद किशोर की गंभीर स्थिति देखते हुए उसे बिलासपुर सिम्स रेफर कर दिया गया।

## ट्रेनिंग लेने से लेकर चुनाव सामग्री उठाने तक का करते हैं काम

# विधानसभा व लोकसभा चुनाव के रिजर्व कर्मियों को नहीं मिलता मानदेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधानसभा और लोकसभा चुनाव में ट्रेनिंग लेने से लेकर चुनाव सामग्री वितरण के कार्य में भाग लेने वाले रिजर्व कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के द्वारा मानदेय का प्रावधान नहीं रखा गया है। जबकि कर्मचारी मतदान के दिन ड्यूटी के लिए अलर्ट रहते हैं। कम किस मतदान केंद्र में उनकी ड्यूटी लगा दी जाए किंतु मतदान के दिन ड्यूटी नहीं करने से कर्मचारी मानदेय से वंचित हो जा रहे हैं।

निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है जिनमें शासकीय कर्मचारियों के अलावा सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारी भी शामिल रहते हैं। जिनके मानदेय के लिए प्रतिदिन के हिसाब से निर्वाचन आयोग के द्वारा बजट भी जारी किया जाता है। उक्त बजट की राशि से वाहनों का भुगतान से लेकर कर्मचारियों को मानदेय प्रदान किया जाता है। किंतु चुनाव आयोग की इस व्यवस्था में रिजर्व में रखे गए कर्मचारियों को मानदेय के दायरे में नहीं रखा जाता। जबकि रिजर्व के कर्मचारी भी चुनाव प्रशिक्षण में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और मतदान के लिए वितरीत की जाने वाले चुनाव सामग्री लेने के कार्य में भी शामिल रहते हैं। किंतु महज रिजर्व कर्मचारियों में शामिल होने के कारण मानदेय से वंचित हो जाते हैं। इस विसंगति को लेकर कर्मचारियों में अब चर्चा होने लगी है। उनके बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर रिजर्व कर्मी मानदेय से कैसे वंचित हैं।

चुनाव ड्यूटी में महिला कर्मचारी भी तैनात की जाती है। चुनाव आयोग द्वारा दिए जाने वाले बजट में पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान कर्मचारी 1, 2 एवं 3 के लिए अलग अलग मानदेय तय किए गए हैं।



फाइल फोटो

### विस चुनाव में लगे थे 5 सौ से अधिक वाहन

विधानसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा 5 सौ से अधिक वाहनों का अधिग्रहण कर चुनाव ड्यूटी में संलग्न किया था। उक्त वाहन मालिकों का भुगतान के लिए बजट की राशि निर्वाचन विभाग को मिल चुकी है और अब जाकर उनके भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। 5 सौ से अधिक वाहनों से मतदान कर्मियों को मतगणना के लिए मतदान केंद्र से लाने ले जाने का कार्य सौंपा गया था। लोकसभा चुनाव के लिए एक बार फिर से वाहनों की अधिग्रहण की कार्यवाही की जाएगी। जिसकी तैयारी परिवहन विभाग के द्वारा शुरु कर दी गई है।

### मानदेय भुगतान की स्थिति

| कर्मियों का पद नाम | भुगतान की राशि |
|---|---|
| पीठासीन अधिकारी | 700 रुपए प्रतिदिन |
| मतदान पदाधिकारी | 500 रुपए प्रतिदिन |
| चर्तुवर्गीय कर्मी | 350 रुपए प्रतिदिन |
| सेक्टर, जोनल अधिकारी | 700 रुपए प्रतिदिन |
| सरकारी चालक | 500 रुपए प्रतिदिन |
| मतगणना पर्यवेक्षक | 700 रुपए प्रतिदिन |
| मतगणना सहायक | 500 रुपए प्रतिदिन |
| माइक्रो पर्यवेक्षक | 700 रुपए प्रतिदिन |
| पुलिस निरीक्षक | 700 रुपए प्रतिदिन |
| सहायक निरीक्षक | 500 रुपए प्रतिदिन |

1 korba-BHOOMI-pg2_Layout 1 4/1/2024 11:58 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टाइटैनिक' में हीरोइन की जान बचाने वाला लकड़ी का टुकड़ा हुआ नीलाम

हॉलीवुड के इतिहास के कई सबसे मशहूर प्रॉप्स की पिछले हफ्ते नीलामी की गई, जिनमें द शाइनिंग का ऐक्स, फॉरेस्ट गंप की चॉकलेट का संग्रह और इंडियाना



जोन्स का भरोसेमंद व्हिप शामिल हैं। इन खजानों में से सिनेमा का सबसे चर्चित प्रॉप्स पांच करोड़ रुपये यानी 718,750 डॉलर से अधिक में बेचा गया है। यह कुछ और नहीं बल्कि, लकड़ी का तैरता हुआ टुकड़ा था, जिसने 'टाइटैनिक' के 'रोज' को जीवित रखा, लेकिन जैक डॉसन को डूबने से नहीं रोक सका। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बिक्री प्लैनेट हॉलीवुड रेस्तरां और रिजॉर्ट समूह द्वारा आयोजित प्रोप और कॉस्ट्यूम नीलामी के दौरान हुई थी। नीलामीकर्ताओं हेरिटेज ऑक्शन के अनुसार इस प्रोप यानी लकड़ी के दरवाजे को मलबे के एक पूरे टुकड़े से बनाया गया था, जो 1912 की आपदा से बरामद किया गया था। 'टाइटैनिक' के एक दृश्य में इस्तेमाल किए गए इस लकड़ी के टुकड़े को नीलामी में 718,750 डॉलर यानी 5,99,25,637 रुपये में बेचा गया है। टाइटैनिक की रिलीज के बाद से प्रशंसकों को आश्चर्य हो रहा है कि क्या जैक अपनी प्रेमिका रोज के साथ खुद को भी सुरक्षित रखने के लिए उस लकड़ी के दरवाजे पर फिट नहीं हो सकता था। 'टाइटैनिक' के इस दृश्य में लियोनार्डो डि कैप्रियो द्वारा निभाए गए किरदार 'जैक' को दिखाया गया था, जो खुद बर्फीले पानी में रहता है, लेकिन रोज को बचाने के लिए उसे लकड़ी के उस दरवाजे पर चिपके रहने की सलाह देता है और खुद दम तोड़ देता है। फिल्म का अंत लोगों को भावुक कर देता है। जिसके बाद से दर्शकों ने रोज को स्वार्थी करार दिया। टाइटैनिक के निर्देशक जेम्स कैमरून ने एक बार खुलासा किया कि उन्हें हर दिन सैकड़ों पत्र मिलते हैं, जिनमें रोज को स्वार्थी और जैक को बेवकूफ करार दिया जाता है, लेकिन उन्होंने यह कहकर चर्चा खत्म कर दी कि स्क्रिप्ट का पालन करने के लिए जैक को मरना होगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि हमने गड़बड़ कर दी हो और बोर्ड थोड़ा छोटा होना चाहिए था, लेकिन कहानी में जैक को मरना ही था।

### टॉलीवुड

## विश्वक की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक हुआ जारी

तेलुगु अभिनेता और निर्देशक विश्वक सेन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'गामी' को लेकर चर्चा में है। वहीं, विश्वक आज अपना 29वां जन्मदिन भी मना रहे हैं। अपने जन्मदिन के मौके पर अभिनेता ने फैंस को खास तोहफा दिया है। जन्मदिन के मौके पर विश्वक के अगली फिल्म के टाइटल और फर्स्ट




लुक से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक एंग्री यंग मैन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वक के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने अभिनेता के 10वें फिल्म की घोषण की। विश्वक की आगामी फिल्म का 'मैकेनिक रॉकी' रखा गया है। वहीं फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक का लुक बेहद धांसू नजर आ रहा है। हाथ में रिंच लिए हुए विश्वक पोस्टर में सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं। हल्की दाढ़ी के साथ विश्वक का शरारती अंदाज बेहद शानदार नजर आ रहा है। गौरतलब है कि विश्वक की यह फिल्म एक एक्शन कॉमेडी होगी, जिसमें खूबसूरत अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण एसआरटी एंटरटेनमेंट बैनर तले किया जा रहा है, जिसे रवि तेजा मुल्लापुडी निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे हैं। वहीं, सिनेमैटोग्राफर मनोज कटासानी करेंगे। फिल्म की रिलीज और अन्य जानकारी अभी प्रतीक्षा में है।

### भोजपुरी

## 'ममता की छांव में' झकझोर देगी दर्शकों को, अरविंद का धमाका

भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। एक बार फिर से



एक्टर एक जबरदस्त फिल्म लाने की तैयारी कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग आजमगढ़ में जोर-जोर से चल रही है। इसे दिग्गज डायरेक्टर जल्द लेकर आ रहे हैं।

सुर म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में चल रही है। इस फिल्म में युवा दिलों की धड़कन और सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अपोजिट पूजा गांगुली और आस्था सिंह फीमेल लीड में हैं। इस फिल्म के निर्देशक लालबाबू पंडित हैं, जिन्होंने अब तक कई सुपर डुपर हिट भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को दी है। वह एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से होता रहा है। वे अरविंद अकेला कल्लू को लेकर 'राज', 'दूल्हा धीरे-धीरे' जैसी हिट फिल्में भी बना चुके हैं, तो खेसारीलाल यादव के साथ भी 'फरिश्ता' जैसी फिल्मों से भी धूम मचाया है। अब, लाल बाबू पंडित एक बार फिर से नई फिल्म 'ममता की छांव में' लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी बेहद मार्मिक और दिल को छू लेने वाली होगी। यह खुद लाल बाबू पंडित ने बताया है। इस फिल्म का निर्माण सुमित सिंह कर रहे हैं जो कि सुर म्यूजिक कंपनी के मालिक हैं। लाल बाबू पंडित ने कहा कि 'यह फिल्म एक मां की ममता पर आधारित है जिसमें अरविंद अकेला कल्लू एक खास किरदार निभाते नजर आंएगे। उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म का भव्यता से निर्माण कर रहे हैं और आजमगढ़ की धरती पर सभी लोग अपना हंड्रेड परसेंट दे रहे हैं। उम्मीद है कि हम अपनी पिछली फिल्म की तरह ही एक बेहतरीन फिल्म लेकर दर्शकों के बीच में होंगे और दर्शकों से हमें खूब प्यार और आशीर्वाद भी मिलेगा।'


## मेला दुल्हनों का




शादी भले ही निजी और पारिवारिक आयोजन हो लेकिन दुल्हन के तौर पर खुद को प्रेजेंट करना मॉडल्स के लिए एक चुनौती भरा काम होता है। न्यूयार्क फैशन वीक में अगले सप्ताह 2 से 4 अप्रैल तक ब्राइडल शो होने जा रहा है। इसके लिए मॉडल्स तैयारी में जुटी हैं। यहां कई नामचीन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे।

## गर्मियों में ऑयली बालों पर करें लगाएं कुछ अलग हट कर

बालों लंबे और घने नजर आएं। इसके लिए अक्सर हम अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार एक्सपर्ट की सलाह पर मौसम के बदलने पर ट्रीटमेंट भी कराते हैं। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में तेज धूप की वजह से आने वाले पसीने से बालों में हर समय नमी और चिपचिपापन रहेगा, जिसकी वजह से बाल ऑयली नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल अपने बालों पर करें। इसके लिए आप आर्टिकल से सही जानकारी लेकर बालों को हेल्दी बना सकती हैं।



### लाइट शैंपू का करें इस्तेमाल

अगर आपके बाल गर्मी में ज्यादा ऑयली रहते हैं तो इसके लिए आप हफ्ते में 2 से 3 बार इन्हें वॉश करें। साथ ही जिस शैंपू का इस्तेमाल करें वो लाइट हो। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप ज्याद फोम का इस्तेमाल करेंगी तो बाल ज्यादा चिपचिपे नजर आएंगे। इसके लिए आप बाजार से इस तरह के शैंपू खरीदकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही गर्मी में ऑयली नजर नहीं आते हैं। आप चाहें तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। लेकिन उस समय जब आपको जल्दी में कहीं बाहर जाना पड़े।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लग रहा है कि बाल ज्यादा ऑयली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए हफ्ते में 1 बाद दही और शहद या एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी लगाएं। इससे बालों को पोषण भी मिलेगा। साथ ही वो सिल्की और शाइनी नजर आएंगे। आप चाहें तो अंडा भी अपने बालों में इस्तेमाल कर सकती हैं। ऑयली बालों के लिए अच्छा होता है।

### मेथी दाने का लगाएं पानी

बालों के लिए मेथी दाना काफी अच्छा होता है। अगर आप इसके पानी में करी पत्ते के रस को मिलाकर लगाती हैं तो बाल ऑयली नजर नहीं आते हैं। इसका इस्तेमाल मैं भी अपने बालों में अक्सर करती हूं। साथ ही बाल झड़ने भी बंद हो जाते हैं। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए, ताकि बाल हेल्दी रहें। साथ ही ऑयली भी नजर न आएं। इन चीजों का इस्तेमाल आप नियमित रूप से करेंगी तो आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही गर्मी में ऑयल भी कम दिखाई देगा।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन







हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।



### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं। बहुत से लोगों के यहां नई दुल्हनें लाल, पीला, हरा रंग ही कुछ दिनों तक पहनती हैं। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह ही लाल रंग का बैकलेस स्लिट स्टाइल का गाउन अपने लिए तैयार करा सकती हैं।

## शादी में लहंगे के साथ वियर करें ये न्यू डिजाइन वाले झुमके

अगर आप लहंगा वियर कर रही हैं तो ये आउटफिट तब तक कम्पलीट नहीं होता जब तक आप इसके साथ मैचिंग ज्वेलरी ने पहन लें। वहीं ज्वेलरी में झुमके भी हैं जो आपके आउटफिट को कम्पलीट करते हैं तो वहीं ये आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने का काम करते हैं। वहीं इन झुमकों की वजह से आप काफी खूबसूरत नजर आती हैं। बाजार में आपको कई तरह के झुमके मिल जाएंगे लेकिन अगर आप अपने लहंगे के साथ कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं या ये चाहती हैं कि आप आउटफिट के साथ कुछ न्यू डिजाइन वाले झुमके पहने तो आप आर्टिकल की मदद से इन नए डिजाइन के झुमके अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं।



### पीकॉक स्टाइल झुमके

इन दिनों ये पीकॉक स्टाइल झुमके काफी ट्रेंड में हैं और इन पीकॉक स्टाइल झुमके (झुमकी डिजाइंस) को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इस झुमके में मोर का डिजाइन बनाया गया है साथ ही इन झुमके में मोतियां लगे हैं। इस तरह के पीकॉक स्टाइल झुमके आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं और ये आपको आसानी से सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

ये झुमके भी लहंगे के साथ वियर किए जा सकते हैं। ये लेयर्ड झुमका सिल्वर कलर में हैं और इस झुमके में दो लेयर में डिजाइन किया है। वहीं इस दो लेयर वाले झुमके में आप मोतियों का काम किया है और इस वजह से ये झूमक काफी खूबसूरत हैं। वहीं इस झुमके को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। वहीं इस तरह के झुमके आपको कई सारे ऑप्शन में मिल जायेंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## अरसे बाद कर रहे हैं शेविंग, तो अपनाएं ये कुछ जरूरी टिप्स नहीं होगी दाढ़ी में जलन

अगर आप लंबे अरसे से दाढ़ी रखे हुए हैं और अब क्लीन शेव का मूड है तो कुछ जरूरी कदम आपको उठाने चाहिए। यदि आपकी त्वचा की सतह असमान है, तो गंदगी, धूल और डेड कोशिकाओं के जमा होने के कारण शेविंग करना आपके लिए आसान या सहज अनुभव नहीं होगा। आपके चेहरे के खिलाफ रेजर ब्लेड को बार-बार रगड़ने से घर्षण पैदा होगा, जो बाद में चकत्ते और लालिमा का कारण बनता है। इससे बचने के लिए समय-समय पर एक्सफोलिएट करने की आदत डालें। इसमें कॉफी ग्राउंड, ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे दानेदार पदार्थ का उपयोग करके अपना चेहरा साफ करना शामिल है। रोम छिद्रों के अंदर फंसे सभी कचरे को हटाने के लिए अपनी त्वचा को उनके पेस्ट से धीरे से स्क्रब करें। शेविंग से ठीक पहले ऐसा करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। यकीन जानिए, ये बढ़ी हुई बियर्ड को भी शेविंग के लिए मुलायम करने में मदद करेगा।

### ल्यूब्रिकेंट का प्रयोग करें



रूखे चेहरे और बढ़ी हुई दाढ़ी को शेव करना मुसीबत का नुस्खा है। आप सचमुच अपनी त्वचा पर एक तेज ब्लेड मार रहे हैं! दोनों के बीच एक बाधा के रूप में काम करने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। यह घर्षण को कम करता है और इस प्रकार, रेजर के स्ट्रोक लगने से चकत्ते के ग्रोथ की संभावना कम हो जाती है। ये ठीक बालों को उनकी जड़ से काटना भी आसान बनाता है और इसलिए, आपको एक नरम और चिकनी फिनिश देता है। इसीलिए, शेविंग की शुरुआत करने से पहले अपने चेहरे को प्री-शेव तेल या फोमिंग क्रीम से मालिश करने की बहुत जरूरत होती है। अगर आप प्री-शेव तेल से मसाज नहीं करना चाहते हैं या आपके पास उपलब्ध नहीं है तो भी इसका उपाय मौजूद है। दाढ़ी या स्टबल को पहले गर्म गुनगुने पानी से धोएं। चेहरे को धोने के बाद मोटे तौलिया से थपथपाकर एक्स्ट्रा पानी सुखा लें। पानी के सूख जाने के बाद गुनगुने नारियल तेल और समान मात्रा में एलोवेरा जेल मिलाकर बालों की मसाज करें। यकीन जानिए, ये नुस्खा बालों और दाढ़ी के नीचे की स्किन को बहुत मुलायम बना देता है। ये आजमाया हुआ नुस्खा है और कभी भी फेल नहीं होता है। एक बार इस्तेमाल के बाद आप अपने अनुभव भी हमसे शेयर कर सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### इन उपायों से अपने कपड़ों के कलर और फिटिंग भी रख पाएंगे बरकरार

## गर्मी में कपड़ों का ऐसे रखें ख्याल भूल जाएंगे नई ड्रेस खरीदना

*कपड़े जल्दी फटने या बदरंग होने के पीछे मुख्य कारण है- हमारी लापरवाही। इस वजह से लड़कों के गर्मियों के कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं। अगर आपके कपड़े भी लंबे समय तक नहीं चल रहे हैं तो आपको अपनी कुछ आदतों को बदलना होगा। सर्दी के कपड़ों की तुलना में गर्मी के दिनों में कपड़ों का ख्याल रखना जरूरी है। क्योंकि समर में कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं जबकि सर्दी के कपड़े खराब नहीं होते। इसलिए गर्मी की ड्रेस को धोने से लेकर सुखाने और उनको रखने तक हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। हम यहां पर उसके बारे में बात करने वाले हैं। बिना पानी के साफ करें कपड़े क्या हर बार कपड़ों को पानी से धोना जरूरी है?*



### डिटर्जेंट पाउडर के बिना कपड़ों की सफाई


गर्मी के दिनों में पसीने की वजह से हम कपड़ों को अधिक बार धोते हैं। इस वजह से फैब्रिक कमजोर हो जाते हैं। चूंकि पसीने को निकालने के लिए हर बार धोना जरूरी है। मगर डिटर्जेंट पाउडर हर बार उपयोग करना आवश्यक नहीं है। बिना डिटर्जेंट पाउडर के भी कपड़े को साफ पानी से धोया जा सकता है। इसके लिए कपड़े को साफ पानी में भिगोने के बाद उसको निचोड़ दें और महक के लिए लिक्विड का प्रयोग करें। इस तरह आप अपनी ड्रेस को डिटर्जेंट पाउडर से बचा सकते हैं। इससे आपके कपड़े की लाइफ बढ़ेगी।

### सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का प्रयोग

डिटर्जेंट पाउडर का इस्तेमाल कितना करना चाहिए? इसकी जानकारी डिटर्जेंट पाउडर के पैकेट पर लिखी होती है। इसके बावजूद भी कई लोग बिना पढ़े ही बाल्टी में डाल देते हैं। एक कपड़े के लिए भी उतना ही और चार कपड़े के लिए भी उतनी ही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर डालेंगे। ऐसे में कपड़े के फैब्रिक और रंग पर असर पड़ता है। इसलिए सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का उपयोग करें।

### डिटर्जेंट टिकिया का कम करें उपयोग

डिटर्जेंट पाउडर के बाद डिटर्जेंट टिकिया का इस्तेमाल, यानी दोनों चीजों को एक साथ क्यों इस्तेमाल करना। मगर लोग कपड़े चमकाने के चक्कर में ऐसा करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती, वे लोग कपड़े पर डिटर्जेंट टिकिया को इतनी जोर से रगड़ते हैं जिससे वे जल्दी फट जाता है। हमें कपड़े धोने के साबुन का प्रयोग अपर वियर ड्रेस के लिए नहीं करना चाहिए। खासकर जींस, कैजुअल पैंट आदि के लिए ये सही होते हैं। मगर उन पर भी हल्के हाथ से डिटर्जेंट टिकिया रगड़ें।



## खबर संक्षेप



### त्यौहार के बाद ट्रेनों में यात्रियों की होने लगी भीड़

**कोरबा।** पहले होली में घर जाने के लिए विगत 15 दिनों से रेलवे स्टेशन में यात्री की भीड़ लगी हुई थी, लेकिन अब त्योहार बितते ही वापसी की ट्रेनों में भीड़ नजर आने लगी है। ऐसे में अब सप्ताह भर तक ट्रेनों में शीट मिलना मुश्किल है। इससे जनरल कोच में इन दिनों पैर रखने की जगह नहीं मिल पा रही है। कोरबा जिला औद्योगिक हब होने के कारण यहां दिगर प्रांत से बड़ी संख्या में लोग आकर काम करते हैं, लेकिन त्यौहारी सीजन आते ही सभी लोग अपने परिवार के साथ त्यौहार बनाने 15 दिन पहले से ही जाने की तैयारी जुट जाते हैं। होली के दो दिन पहले तक ट्रेनों में जाने वालों की संख्या काफी बढ़ गई थी। इससे बर्थ मिलना मुश्किल हो गया था। वहीं कुछ लोग तो पहले से टिकट बुक करा चुके थे, जो अपने निर्धारित समय से घर जाने के लिए निकल गए, लेकिन यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण उनको भी परेशानी का सामना करना पड़ा। अब त्योहार बितते ही वापस लौटने लगे हैं। रेलवे स्टेशन में सुबह से ही यात्रियों की भीड़ लग रही है। इस दौरान ट्रेन आती है, वैसे ही चढने व उतरने वालों की संख्या अधिक होने के कारण धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हो रही है। साथ ही स्थानीय लोग भी कमाने-खाने के लिए होली के बाद निकलते हैं, जिससे अब ट्रेन पहुंचने पर जितने लोग उतर रहे हैं, उससे ज्यादा चढ़ भी रहे हैं। इससे जनरल बोगी तो इन दिनों ठसाठस भरा नजर आ रहा था। इन दिनों यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण ट्रेनों में सीट नहीं मिल पा रहा है। साथ ही कई यात्री माहभर पहले से ही टिकट कराए थे, लेकिन उसके बाद भी सीट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में या तो स्लीपर का टिकट बनवाकर सफर कर रहे हैं, या जनरल बोगी में धक्का खाते सफर कर रहे हैं। जिससे सबसे ज्यादा समस्या महिलाओं व बच्चों को हो रही है।

## निधन

### सज्जनराम यादव

**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा निवासी सज्जन राम यादव (99 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया



है। वे अपने पीछे नाती पोतों से भरापूरा परिवार शोक संतप्त छोड़ एग हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम पंचायत देवरी स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में परिवार परिजन सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### बदाला बाई मन्नेवार

**कोरबा।** करतला ब्लॉक के ग्राम अमलडीहा निवासी सेवानिवृत्त सीएसईबी कर्मी होरी लाल



मन्नेवार की पत्नी बदाला बाई मन्नेवार 62 वर्ष का रविवार शाम 4 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थी। वे जुगरु मन्नेवार, अनिल मन्नेवार और स्व. विजय कुमार की माता थी। सोमवार को गांव के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रजिस्ट्री की नई...

आगे नहीं बढ़ेगी और नई दर लागू कर दी जाएगी। इस वर्ष विभाग को दस्तावेज पंजीयन और कोषालय की राजस्व आय सहित 47 करोड़ की राजस्व आय का लक्ष्य मिला था। जिसके तारतम्य में पंजीयन विभाग को दस्तावेज पंजीयन से 33 करोड़ की राजस्व आय हुई है और अभी कोषालय से होने वाली राजस्व आय शेष है। विभाग की मानें तो 9 करोड़ 51 लाख रुपए लक्ष्य से कम प्राप्त हुए हैं।

### अध्यक्ष के 4...

राम बरेठ, सौरभ अग्रवाल, एन के पासवान, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमरनाथ कौशिक, सुनील सोनवानी, ग्रंथालय सचिव के लिए राजकुमार यादव, क्रांति श्रीवास, कमलेश श्रीवास, क्रीड़ा सचिव के लिए लक्ष्मण पटेल, सुरेश महंत, कार्यकारिणी पद के लिए अब्दुल नफीस खान, श्रीमती शिल्पा दांडेकर, चैतराम साहू, प्रवीण राठौर, श्रीमती ज्योति वर्मा, रोमेश सिंह, रामेश्वर सिंह कंवर, खेमलाल किशोर, रीता पुलस्त ने अपनी का दावेदारी ठोंकी है।

### दो दिनों में...

कोरबा पुलिस के द्वारा ये अभियान चलाया गया था जिसमें कुल 173 वारंट की तामिली की गई थी। इस अभियान में जिले के सभी थाना ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वारंटी की गिरफ्तारी इनके द्वारा किया गया। जिसमें थाना कोतवाली, मानिकपुर, बालको, उरगा, दर्री, कुसमुंडा, बांकीमोंगरा, हरदीबाज़ार, दीपका, करतला, कटघोरा, बांगो, कोरबी सभी थाना के द्वारा जिले के साथ-साथ दीगर जिले में भी दबिश देकर फरार वारंटी की पता तलाश किया गया। फरार वारंटियों के खिलाफ कोरबा पुलिस के द्वारा विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया प्रेरित

# स्वीप रंगोली में प्रीति प्रथम, रिया को दूसरा और भामिनी को तीसरा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रंगोली बनाती छात्राएं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोरबा एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देशानुसार तथा महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज 27 मार्च को शासकीय इंजीनियरिंग विश्वेश्वरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा के स्वीप इकाई द्वारा स्वीप रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। आज के इस प्रतियोगिता में प्रीति सिदार ने प्रथम स्थान, रिया बंजारे ने द्वितीय एवं भामिनी सिदार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

आगामी लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां जैसे स्वीप रंगोली, नाटक, गीत, वाद-विवाद का आयोजन महाविद्यालय में आयोजित की जा रही है, इसी के अंतर्गत महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं अनिवार्य मतदान का आकर्षक एवं प्रेरणायुक्त रंगोली बनाकर संदेश दिया कि "वोट हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, हमारा वोट हमारा ताकत है। रंगोली में 18 वर्ष पूरी करने वाले नए मतदाता द्वारा वोट देना, स्याही लगी हुई बाये हाथ की तर्जनी ,मतदान केंद्र, बैलेट बटन को चित्रित कर युवा मतदाताओं को जागरूक करते हुए निर्वाचन आयोग के उद्देश्य को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बलराम कुर्रे ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुये कहा कि बच्चों हमें आगामी चुनाव में निश्चित रूप से वोट देना है एवं अन्य मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करना है।हमें प्रयास करना है कि कोई भी मतदाता वोट करने से वंचित न हो। स्वीप रंगोली प्रतियोगिता को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहा. प्राध्यापक कन्हैया सिंह कँवर, लोकेश्वरी, राजकुमार देवांगन, रमन जोशी एवं विद्यार्थियों में रिया बंजारे, प्रीति सिदार ,भामिनी सिदार, गुनगुन केशरवानी, सना, मधु राठौर, प्रियंका चौहान, निशा खूंटे, गीतांजलि, आरती धीवर आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### दिया जा रहा मतदाता जागरूकता का संदेश



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महाविद्यालयों में निरंतर स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के मध्य नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद, नुक्कड़-नाटक, मानव श्रृंखला जैसे गतिविधियां आयोजित कर उन्हें मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, अपने घर-परिवार, गली-मोहल्ले, बसाहटों में मतदान की उपयोगिता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन महाविद्यालय पाली में मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप गतिविधि का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में महाविद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मिनीमाता कॉलेज में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित सुंदर व आकर्षक रंगोली का निर्माण कर मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार किया। इसी प्रकार नवीन महाविद्यालय पाली में मतदाता जागरूकता के विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र-छात्राओं के मध्य मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

# लायन मीना चौहान बनी सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष



सम्मान देते लायंस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233सी के रीजन चेयरपर्सन लायन पवन शर्मा रीजन डेजी का रीजन कान्फ्रेंस 31 मार्च को होटल ब्लू डायमंड में संपन्न हुआ। गेस्ट आफ आनर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। कान्फ्रेंस में रीजन के अंतर्गत आने वाले सभी क्लबों के साथ लायंस क्लब कोरबा के सदस्य भी उपस्थित रहे।

लायंस क्लब आफ कोरबा को विभिन्न अवार्ड जैसे गोल्डन प्रेस्टिज अवार्ड, सर्टिफिकेट आफ एप्रीसिएशन, हुमैनिटेरियन लैंडमार्क प्रोजेक्ट, समर्पण, एक्टिव क्लब एन्डेयोर अवार्ड एवं बेस्ट ड्रेस कोड अवार्ड से लायंस क्लब कोरबा। दि बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड लायन मीना सिंह, मिल स्टोन मास्टर एवं बेस्ट जोन चेयरपर्सन अवार्ड एमजेएफ लायन एसके अग्रवाल, डायनेमिक डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन अवार्ड से लायन नन्दकिशोर अग्रवाल, लायन मधु पांडेय, लायन शहनाज शेख। लाईफ टाईम एचिवमेंट अवार्ड लायन सत्येन्द्र वासन, लायन पदमसिंह चंदेल, सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड लायन कामायनी दुबे, बेस्ट बैनर प्रेजेंटेशन अवार्ड लियो क्लब, डायनेमिक सेक्रेटरी लायन आशीष अग्रवाल, डायनेमिक ट्रेजरर लायन रविशंकर सिंह, हुमैनिटेरियन एमजेएफ लायन अशोक मोदी, एमजेएफ जयप्रकाश अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एमजेएफ लायन जेपी अग्रवाल, अध्यक्ष मीना सिंह, सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन रविशंकर सिंह, लायन राजकुमार अग्रवाल, लायन सत्येन्द्र वासन, दीपक माखीजा, नन्दकिशोर अग्रवाल, कामायनी दुबे, संतोष खरे, एमजेएफ लायन अशोक मोदी, पदमसिंह चंदेल, एमजेएफ राजकुमार अग्रवाल, मधु पाण्डेय, दीपक अग्रवाल, शिवराज सिंह, अरविंद साहू, योगेश दुबे, राजेन्द्र डागा, रामगोपाल डिक्सेना, भगवती अग्रवाल, सुभाष केडिया एवं अन्य उपस्थित थे।

# देश में कांग्रेस की सरकार बनाने ज्योत्सना कर रही अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रचार अभियान के दौरान ज्योत्सना महंत।

कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना महंत के पक्ष में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक लगातार जारी है। इसी कड़ी में कटघोरा विधानसभा के ग्राम धनरास में आयोजित बैठक में उपस्थित ग्रामवासियों से सांसद ज्योत्सना महंत को जिताने का संकल्प लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर के निवास पर आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित हुए। छत्रपाल सिंह कंवर एवं शिवकला कंवर ने कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए।

ज्योत्सना महंत को जीताकर कांग्रेस को मजबूत करने एवं देश में कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। उपस्थित लोगों ने समर्थन देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सांसद प्रत्याशी ज्योत्सना महंत का स्वागत किया गया। बैठक के दौरान सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, छत्रपाल सिंह कंवर, श्रीमती शिवकला कंवर, श्रीमती ऊषा तिवारी आदि कांग्रेसजन भी उपस्थित रहे।

# सड़क पर नहीं कोयले के कमीशन पर था कांग्रेसियों का ध्यान: लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम को संबोधित करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन।

सबको पता है कि यह सड़क कौन बना रहा है। कांग्रेस सरकार में इस सड़क ने लोगों को बहुत परेशान किया है। जब सड़क पर घंटों जाम लग रहा था, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे थे, कर्मी ड्यूटी नहीं जा पा रहे थे। तब कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत कहा थीं? क्यों सांसद ने अफसरों और अपने मंत्री को सड़क के लिए नहीं कहा। कांग्रेस के नेताओं का ध्यान कोयलांचल की सड़क पर नहीं कोयले के कमीशन पर था।

उक्त बातें प्रेमनगर और विकासनगर, कुसमुंडा में आयोजित नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए वाणिज्य श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा। उन्होंने सर्वमंगला तिराहे से इमलीछापर तक सड़क के मामले में कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि यह सड़क जल्दी पूरी हो इसके लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जा चुके हैं। हमारी कोशिश है की सड़क का काम जल्द से जल्द पूरा हो। अधिकारियों को एक महीने के भीतर काम पूरा करने कहा गया है, अगर इस अवधि में काम नहीं हुआ तो ठेकेदार के काम को निरस्त कर दूसरे को दिया जाएगा। मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा को अब उसके वास्तविक हक देने का समय आ गया है, इसके लिए सरोज दीदी को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाएं। इस दौरान संभाग प्रभारी अनुराग सिंह देव ने कहा की कोरोना की महामारी से जीत, राम मंदिर का निर्माण, देश में हर दिशा में विकास आज पीएम मोदी की वजह से ही सम्भव हो सका है। आने वाला समय कोरबा का स्वर्णिम होने वाला है, इसके लिए जरूरी है की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय को प्रचंड वोटों से जीत दर्ज कराएं। सभा को भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतविंदर सिंह, बांकीमोंगरा मंडल के महामंत्री मनीष मिश्रा, विकेश झा, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महंत परिवार जांजगीर, कोरबा व छत्तीसगढ़ का सदैव रहेगा ऋणी : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम में उपस्थित मंचस्थ अतिथिगण।

स्व. बिसाहूदास महंत न सिर्फ बांगो बांध बल्कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के भी स्वप्नदृष्टा थे। वे सही मायने में गांधीवादी, मानवता के पुजारी थे। उन्होंने राजनीति में गुरू, बड़े भाई और मार्गदर्शक की भूमिका निभाते हुए सभी का मार्गदर्शन किया। आज उनके पद्‌चिन्हों पर चलकर हम सभी छत्तीसगढ़ की जनता की सेवा कर रहे हैं।

उक्त बातें स्व. बिसाहूदास महंत की 100वीं जयंती शताब्दी समारोह के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राजीव गांधी आडिटोरियम टीपी नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि महंत परिवार जांजगीर, कोरबा व छग का सदैव ऋणी रहेगा। कोरबा लोकसभा की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि बाबूजी के पद्‌चिन्हों पर चलना मेरा धर्म है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कोरबा ही नहीं वरन छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में बिसाहूदास महंत को चाहने वाले लोग हैं। पूर्व विधायक बोधराम कंवर ने कहा कि वे सही मायने में गांधीवादी और मानवता के पुजारी थे। उन्होंने हमेशा मुझे मेरे बड़े भाई गणेशराम की तरह ही स्नेह दिया। वे सबकी चिंता करते थे। उनके बताए रास्तों पर हम सब चलते रहेंगे। स्व. महंत के सहयोगी रहे रघुराज पाण्डेय, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, जांजगीर लोकसभा से सांसद प्रत्याशी डॉ. शिव डहरिया, पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरविंद नेताम, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी,विधायक लालजीत राठिया, राज्य वस्त्र निगम के चेयरमैन रहे जगदीश मेहर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान डॉ. चरणदास महंत ने 2 बुनकरों के लिए 1-1 लाख रुपए का प्रतिभा पुरस्कार बिसाहूदास महंत के नाम से देने की घोषणा की जिसका लाभ बुनकरों को मिल रहा है।

### कबीर के भजनों से दी श्रद्धांजलि

स्व. बिसाहूदास महंत के 100वीं जयंती शताब्दी समारोह के प्रारंभ में के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की गई। मंच पर दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात अंचल के प्रसिद्ध लोक गायक थिरमन दास महंत एवं पार्टी द्वारा संत कबीर के भजनों से श्रद्धांजलि देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध रेडियो सिंगर स्व. नर्मदा प्रसाद वैष्णव द्वारा बांगो बांध निर्माण के दौरान रचित गीत बांगो बांध बंधा गे रे भैय्या की प्रस्तुति उनके पुत्र बसंत वैष्णव ने थिरमन दास महंत के साथ दी।

# पीएम की नीतियों से देश विश्वगुरु बनने की दिशा में अग्रसर : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सभा को संबोधित करते सरोज पाण्डेय।

क्षेत्र की कांग्रेस सांसद ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया इसलिए क्षेत्र पिछड़ा हुआ है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विश्व गुरु बनाने की दिशा में लगातार काम रहे हैं। उनके 10 वर्षों के कार्यकाल ने ही देश को सौ साल आगे लाकर खड़ा कर दिया है, और पुनः देश की जनता उन्हें अपना प्रधानमंत्री चुनने को आतुर है।

उक्त बातें कोरबा लोकसभा प्रत्याशी डॉ सरोज पांडेय ने पाली तानाखार क्षेत्र के ग्राम बिंझरा और बरबसपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं सहित पार्टी की विचारधारा को जनजन तक पहुंचा रही है। प्रत्याशी सरोज पांडे ने यह भी कहा की क्षेत्र की जनता उनको मौका देती है तो क्षेत्र के विकास में वो कोई कमी नहीं करेगी और हर वर्ग को इनका अधिकार दिलाने हक की लड़ाई में उनके सुख और दुख के उनके साथ खड़ी मिलेगी, उन्होंने बताया की जनमानस की सेवा ही उनका लक्ष्य है साथ ही उपस्थित जन समूह का डॉ सरोज पांडे ने समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। आयोजन के दौरान 7 सरपंच सहित क्षेत्र के ग्रामीणों ने भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने भी संबोधित किया और युवाओं से अपील किया को सुश्री सरोज पांडे को क्षेत्र जीताकर नरेंद्र मोदी का हाथ मजबूत करें। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश महामंत्री अंकित जायसवाल, भाजपा संगठन जिला सह प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन गर्ग, विधानसभा संयोजक संजय भावनानी, सह संयोजक अजय जायसवाल, पूर्व विधायक रामदयाल उइके, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री किरण मरकाम, पूर्व भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष चिंटू राजपाल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, उपाध्यक्ष रंजू यादव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वैशाली रत्नपर्खी, मंडल अध्यक्ष रघुनंदन जायसवाल, बोधराम पटेल, शंभू शरण सिंह, कीर्तन दास, अंजली सिंह आदि शामिल थे।

## हेल्थ प्लस

# एनकेएच में कल से सेवाएं देंगे डॉ. जायसवाल

**कोरबा।** कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ रवि जायसवाल 3 अप्रैल को न्यू कोरबा हॉस्पिटल कोसाबाड़ी में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मरीजों का चिकित्सा परीक्षण कर आवश्यक परामर्श प्रदान करेंगे। कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझने वाले असंख्य मरीजों को उन्होंने नया जीवन दिया है। क्षेत्र के नागरिक एनकेएच में डॉ. जायसवाल से जांच एवं परामर्श प्राप्त करने इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कैंसर रोग विशेषज्ञ, ऑन्कोलॉजिस्ट व हिमेटोऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल राज्य ही नहीं बल्कि देश में प्रसिद्ध हैं। ऑन्कोलॉजिस्ट व हिमेटोऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि वर्तमान में रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश के लोगों की सुविधा के मद्देनजर समय-समय पर वे प्रदेश के विभिन्न शहरों में पहुंचकर कैंसर रोग के संभावित मरीजों की जॉच एवं उन्हें आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को डॉ. जायसवाल कोरबा पहुंचकर कोसाबाड़ी स्थित न्यू कोरबा हॉस्पिटल में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ओपीडी करेंगे। इस दौरान वे लोगों की जॉच के साथ विभिन्न प्रकार के कैंसर के संभावित मरीजों को आवश्यक परामर्श सेवाएं प्रदान करेंगे।



रवि जायसवाल

कैंसर के विभिन्न रूपों तथा उनके सफलतम इलाज की गहरी समझ ने डॉ. रवि जायसवाल को इस मुकाम तक पहुंचाया। उनके अनुभव के बूते मुम्बई, सिकंदराबाद, बैंगलुरू, पुणे, हैदराबाद सहित अन्य बड़े शहरों के सुप्रसिद्ध कैंसर हॉस्पिटलों में ईलाज कराने के बाद मरीज डॉ. रवि जायसवाल के पास अपना आगे का इलाज कराने पहुंच रहे हैं। डॉ. रवि जायसवाल से मिलने व बात करने के पश्चात कैंसर मरीज एवं उनके परिजनों का आत्मविश्वास काफी बढ़ जाता है तथा कैंसर के प्रति उनके नजरिये में अत्यंत सकारात्मक बदलाव देखने को मिलता है।

### मुक्तिधाम में मधुमक्खियों के हमले में दर्जन भर लोग घायल

**बिश्रामपुर।** नगर के मुख्य मार्केट निवासी एक युवक के अंतिम संस्कार के दौरान मधुमक्खियों द्वारा हमला किए जाने से दर्जन भर लोग घायल हो गए हैं। मधुमक्खियों के हमले उपरांत मुक्तिधाम में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर मुख्य मार्केट निवासी 26 वर्षीय युवक विमल कुशवाहा पिता शिवधारी कुशवाहा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहा था जिसकी रायपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक के अंतिम संस्कार में रेण नदी किनारे स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के दौरान धुआं निकलने की वजह से मधुमक्खियों ने अचानक वहां मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले में नगर के रोहित गिरी, ललन भारती, देव प्रसाद सोनी, संजय चौधरी, मनीष गुप्ता, बब्लू गिरी, रामकुमार, अजय, उमेश, अमन, संदीप सहित दर्जन भर लोग घायल हो गए हैं। मधुमक्खियों के हमले उपरांत मुक्ति धाम में अफरा तफरी मच गई।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

SUPER SPECIALITY NKH HOSPITAL
INSPIRING BETTER HEALTH
Licence No.:KORB0019HOS

अप्रैल 2024
सुपरस्पेशलिस्ट विजिटिंग डॉक्टर सूची

| | |
|---|---|
| 03 अप्रैल 2024 (बुधवार) | डॉ. रवि जायसवाल ( ऑकोलॉजिस्ट ) |
| 03 अप्रैल 2024 (बुधवार) | डॉ. प्रतीक ढाबलिया ( ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन ) |
| 06 अप्रैल 2024 (शनिवार) | डॉ. संदीप दवे ( लैप्रोस्कोपिक सर्जन) |
| 06 अप्रैल 2024 (शनिवार) | डॉ. अरूण अय्यर ( पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ) |
| 09,10 अप्रैल 2024 (मंगल., बुधवार) | डॉ. एस.एस. मोहन्ती ( हृदय रोग विशेषज्ञ ) |

आज ही अपना पंजीयन कराएँ
कोसाबाड़ी, कोरबा 8602-59-91-22

## खबर संक्षेप




### डीएसपीएम के तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**कोरबा।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह से माह मार्च-2024 में वरिष्ठ पर्यवेक्षक पिताम्बर लाल चन्द्रा एवं कनिष्ठ पर्यवेक्षक पी. वेंकट रमन, दया राम ठाकुर अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुये। कर्मचारी के सम्मान में समारोह का आयोजन प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), डॉ. हेमंत सचदेव एवं अति. मुख्य अभियंता संजीव कंसल, एल.एन.सूर्यवंशी एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी के आतिथ्य में तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण, यूनियन के पदाधिकारीगण एवं सेवा निवृत्त हो रहे अधिकारी, कर्मचारी के परिवारजनों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एवं मंचस्थ विशिष्ट अतिथिगण, अति.मुख्य अभियंताओं एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञद्ध द्वारा सेवानिवृत्ति कर्मी को पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घड़ी से सम्मानित कर विदाई दी गई। इस अवसर पर संजीव कंसल, एल.एन. सूर्यवंशी अति.मुख्य अभियंताओं एवं वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाए दी।

### निर्वाचन प्रशिक्षण प्रारंभ, दो पालियों में होगा 3 दिवसीय प्रशिक्षण

**कोरबा।** लोकसभा चुनाव के सफल निष्पादन हेतु जिले में 2 अप्रैल से मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही अकारण अनुपस्थित रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल से आयोजित होने वाले प्रथम चक्र का 3 दिवसीय प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित होगा। जिसके तहत प्रथम पाली सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। निर्वाचन प्रशिक्षण जिले के कोरबा, कटघोरा, पाली, पोड़ी-उपरोड़ा, करतला ब्लॉक में आयोजित की गई है। जिसमें विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं कटघोरा, करतला, पाली, पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित की गई है। प्रशिक्षण उपरान्त प्रशिक्षणार्थियों की लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया जाएगा। इसे गूगल फार्म की मदद से पूर्ण किया जाएगा। जिले में पहली बार मतदान पूर्ण कराने की कमान महिलाओं को सौंपी गई है। विधानसभा कोरबा के सभी मतदान केंद्रों में कुशलता पूर्वक मतदान संपादन कराने की जिम्मेदारी महिलाओं द्वारा निभाई जाएगी। जिले की गौरवशाली महिलाएं कोरबा विधानसभा अंतर्गत समस्त मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं सभी मतदान अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। इस हेतु आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है।

### उद्यानों को व्यवस्थित करने पर ध्यान नहीं

**कोरबा।** गर्मी के सीजन में शाम होते लोग बच्चों के साथ उद्यान पहुंच रहे हैं। उद्यान गुलजार हो रहे हैं। हरियाली के बीच कुछ पल व्यतीत कर रहे हैं, लेकिन बच्चे उद्यान में लुत्फ नहीं उठा पा रहे हैं। अधिकांश झूले जर्जर हो चुके हैं। जगह-जगह से टूट-फूट गया है। मस्ती में बच्चे झूले झूल रहे हैं। इस दौरान बच्चों को चोटें आ रही है। हरियाली के बीच लगाए गए वाटर फाउंटेन बंद पड़े हुए हैं। इस पर गंदगी पसरी हुई है। इस कारण लोगों को हरियाली के फौव्वरे का आनंद नहीं मिल रहा है। बावजूद इसके नगर निगम की ओर से उद्यान को व्यवस्थित करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर निगम की ओर से उद्यान के झूलों को संवारने के लिए कई माह पहले प्रक्रिया शुरू करने की बात कही गई थी लेकिन अभी तक प्रक्रिया फाइलों से बाहर नहीं निकल सकी है। इस कारण गर्मी में बच्चों को पार्क में मायूसी भी मिल रही है।

## विश्वविद्यालय द्वारा गठित उड़नदस्ता दल पकड़ रहे नकल

# कॉलेज की परीक्षाओं में चल रही है नकल, अब तक बने 9 प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चल रही महाविद्यालयीन परीक्षाओं में नकल चलने के मामले सामने आए हैं। अब तक 9 प्रकरण तैयार किए गए हैं। विश्वविद्यालय के द्वारा परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जिनके द्वारा जिले के सभी कॉलेजों का सतत निरीक्षण कर नकल प्रकरण तैयार करने की कार्यवाही की जा रही है। जिले में 12 शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने सभी कॉलेजों में उड़नदस्ता दल को निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

बीते 12 मार्च से महाविद्यालयीन परीक्षाओं का दौर शुरु हुआ है और महज 18 दिन में 9 नकल प्रकरण उड़नदस्ता दल ने तैयार किए हैं। इनमें शहरी क्षेत्र में संचालित महाविद्यालय के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कॉलेज भी शामिल है। कॉलेजों में परीक्षा के दौरान अनुचित सामग्रियों का उपयोग पर रोक लगाने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी सूरत में नकल नहीं चलने देने के निर्देश के बावजूद महाविद्यालयीन परीक्षा में नकल प्रकरण तैयार हो रहे हैं और महज 18 दिन की परीक्षा में 9 नकल प्रकरण तैयार होने से इस बात की पुष्टि हो रही है कि महाविद्यालयीन परीक्षाओं में नकल का शोर ही नहीं बल्कि जोर चल रहा है। ग्रामीण अंचल के महाविद्यालयों से ज्यादा नकल प्रकरण बनाए गए हैं। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल के प्रभारी श्री गोविल के निर्देश में उड़नदस्ता दल ने सभी कॉलेजों का निरीक्षण कर चुके हैं, इतनी कम अवधि की परीक्षा में नकल प्रकरण का बनना यह दर्शा रहा है कि आगे की परीक्षाओं में भी नकल प्रकरण तैयार किए जाएंगे। प्रत्येक दिन नकल प्रकरण तैयार होने की जानकारी विश्वविद्यालय को प्रतिदिन भेजी जा रही है। हरदीबाजार, कटघोरा, भैसमा, पाली, जटगा, करतला, दीपका, बांकीमोंगरा व कोरबा शहर में कॉलेज संचालित हैं। अकेले कोरबा शहर में पीजी कॉलेज, मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, केएन कॉलेज संचालित है। परीक्षाओं में नकल प्रकरण ग्रामीण अंचलों के कॉलेज से ही तैयार किए गए हैं।


कालेज में परीक्षा दिलाते छात्र छात्राएं।

### प्राध्यापक भी पकड़ रहे नकल

उड़नदस्ता दल के अलावा कॉलेज में पर्यवेक्षक की ड्यूटी कर रहे प्राध्यापक भी नकल प्रकरण तैयार कर रहे हैं। उनका रिकार्ड उड़नदस्ता दल के पास नहीं रहता। हालांकि सभी नकल प्रकरण की रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रबंधन को जाती है। किस कॉलेज में कितने नकल प्रकरण स्थानीय प्राध्यापकों के द्वारा बनाए गए और कितने नकल प्रकरा जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल के द्वारा तैयार किया गया है सभी की रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रबंधन के पास प्रतिदिन भेजी जा रही है।

### सभी कॉलेज का निरीक्षण

महाविद्यालय में नकल प्रकरण को रोकने के लिए उड़न दस्तादल का गठन किया गया है। जिसके द्वारा सभी कॉलेज का निरीक्षण किया जा रहा है और नकल प्रकरण तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा कॉलेज प्रबंधन अलग से नकल पकड़ने की कार्यवाही करता है।

**-आरएन गोविल,** उड़नदस्ता दल प्रभारी

## डिप्टी कलेक्टर के चैंबर में लगी आग, दमकल ने पाया काबू


आग बुझाने के दौरान दमकल की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्ट्रेट में सोमवार की सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई जब अचानक डिप्टी कलेक्टर के चेंबर में शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आनन फानन में दमकल वाहन को घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल वाहन ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से महत्वपूर्ण दस्तावेज जलने से बचा लिए गए हैं।

कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ विकास चौधरी का चेंबर नीचे भूतल में संचालित है। सुबह 11 से 12 बजे के बीच कलेक्ट्रेट के कर्मचारी दफ्तरों में अपने कामकाज में व्यस्त थे इसी दौरान डिप्टी कलेक्टर विकास चौधरी के चेंबर में लगे एसी के सर्किट में अचानक धूंआ उठने लगा। जैसे ही इसकी जानकारी कलेक्ट्रेट कर्मियों को हुई तब तक आग की लपटे उठने लगी थी और आनन फानन में इसकी सूचना दमकल वाहन को दी गई। सूचना मिलते ही कलेक्ट्रेट पहुंचकर दमकल वाहन कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इस घटना के दौरान श्री चौधरी चेंबर में मौजूद नहीं थे। वहीं इस घटना से चेंबर में रखी महत्वपूर्ण फाइलें सुरक्षित बच गई है। यहां बताना होगा कि कलेक्ट्रेट में आगजनी की यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व भी कलेक्ट्रेट बिल्डिंग में सीढ़ी के नीचे स्वीच सर्किट जहां से सभी चेंबर में बिजली की सप्लाई होती है, गर्मी के दिनों में ही आग लग गई थी। हालांकि आगजनी की घटना ज्यादा बड़ी नहीं थी और स्थानीय स्तर पर ही आग पर काबू पा लिया गया था। गर्मी के दिनों में अक्सर आगजनी की घटनाएं घटित हो रही है। हालांकि कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास बिजली सप्लाई के लिए केबल और नए तार लगाए गए हैं। इसके साथ ही नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं ताकि बिजली सप्लाई में किसी तरह की परेशानी न हो।

## मकान में चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जप्त सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 2 माह पूर्व एसईसीएल के आवासीय कालोनी में हुई चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से घर से चोरी गई घरेलू सामान को बरामद कर लिया गया है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रगति नगर निवासी पंकज कुमार यादव 26 जनवरी से 29 जनवरी के बीच अपने पैतृक गांव गया हुआ था। इस दौरान उसके मकान का ताला तोड़कर घर में रखे फ्रिज, वाशिंग मशीन व घरेलू सामान को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। पंकज की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही शुरु की थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि चोरी का आरोपी मन्नु सिंह चोरी के माल को संतोष कुमार गुप्ता को खपा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी मन्नू सिंह को घेराबंदी कर पकड़कर पूछताछ की जिस पर उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से फ्रिज एवं वासिग मशीन जप्त किया गया तथा खरीदार आरोपी संतोष कुमार गुप्ता से चोरी का माल वाशिंग मशीन जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया।

### युवक की पिटाई करने वाला प्रशिक्षु डीएसपी एसपी ऑफिस अटैच

**कोरबा।** दर्री थाने में पदस्थ प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर द्वारा एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई थी। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ था। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने मामले में संज्ञान लेते हुए उक्त घटना की जांच का जिम्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दिया गया है तो वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी दर्री प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर को तत्काल प्रभाव से पुलिस अधीक्षक कार्यालय संबद्ध कर दिया गया है।

### मवेशियों की चोरी, की गई शिकायत

कोरबा। सिविल लाइन रामपुर अंतर्गत झगरहा बस्ती निवासी मवेशी मालिक शिवकली यादव ने बताया कि उसके 5 भैंस को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। इन सभी भैंस की कुल कीमत 7 लाख 50 हजार बताया जा रहा है। मवेशी पालक ने थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस अधीक्षक को भी लिखित में जानकारी दी गई है ताकि चोरी किए गए मवेशियों की तलाश जल्द हो सके।

### स्कूटी में घुसा सांप, किया गया रेस्क्यू

**कोरबा।** बालको क्षेत्र में स्कूटी में सांप घुसने का मामला सामने आया है। घटना रविवार के शाम को चेकपोस्ट बस्ती के मेन रोड में खड़े एक व्यक्ति के स्कूटी में देखते एक सांप घूस गया, लोग समझ पाते उससे पहले ही साप स्कूटी के अन्दर घुस गया। स्कूटी में सांप घूसने की भनक आसपास खड़े लोगों को हुई तो देखते ही देखते पूरा रोड जाम हो गया। कुछ लोगों ने स्कूटी को हिला कर सांप को निकालने का प्रयास किया लेकिन सांप कहीं दुबक के बैठ गया था। आखिरकार थक हार के लोगों ने इसकी जानकारी वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम प्रमुख जितेंद्र सारथी को दिया। फिर थोड़ी देर बाद घटना स्थल पहुंच कर मोर्चे को संभाला। फिर गाड़ी मालिक ने एक एक कर गाडी का पुर्जा पुर्जा खुलवाया फिर भी सांप का कोई अता पता नहीं चल रहा था। आखिरकार एक घण्टे की मेहनत के बाद एक किनारे सांप बैठा नज़र आया फिर धीरे धीरे उसको बाहर निकाला गया और सांप को पास ही जंगल में छोड़ दिया गया।


## ठेकेदार का भयादोहन करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ठेकेदार से लाखों रुपए का भयादोहन करने के मामले में सिविल लाइन पुलिस ने एक युवक के खिलाफ धारा 384, 386 के तहत भयादोहन का मामला दर्ज कर युवक को हिरासत में लिया है।

**खास बात**

- हर महीने ले रहा था 20 हजार लालच बढ़ने पर दो लाख की कर रहा था डिमांड


पुलिस गिरफ्त में युवक।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमोरा निवासी एस. अहमद खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अहमद खान ठेकेदारी का कार्य करता है और मौजूदा स्थिति में उसके द्वारा राखड़ व रेत का परिवहन किया जा रहा है। जिसे लेकर मनीष राठौर द्वारा एस अहमद खान को बुलाकर धमकी दी जा रही थी कि उसे झूठे प्रकरणों में फंसा देगा या फिर से ट्रक से दुर्घटना कराकर मारने की लगातार धमकी दे रहा था। साथ ही काम करने के एवज में अहमद खान को भय में डालकर विगत 6 माह से 20 हजार रुपए महीना की मांग किया। जिससे वजह भयभीत होकर पिछले 6 महीने से आईटीआई चौक स्थित सरन्या होटल में दिया था जिसके उपरांत उसकी लालच लगातार बढ़ती चली गई और मनीष उससे 2 लाख रुपए प्रतिमाह की डिमांड करने लगा और नहीं देने पर बर्बाद कर देने की धमकी दे रहा था। जिससे लगातार अहमद का परिवार व स्वयं भयभीत था। अहमद खान ने इस मामले की शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से की। मामला सामने आते सिविल लाइन पुलिस ने मनीष राठौर के खिलाफ धारा 384, 386 के तहत कार्यवाही कर सोमवार की देर शाम उसे सिविल लाइन थाने ले जाया गया है। इस मामले को लेकर सिविल लाइन थाना प्रभारी सुमन लाल पोया से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मंगलवार को देने की बात कही है। ज

ज्ञात रहे कि इससे पहले भी मनीष राठौर के खिलाफ इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन इसके बाद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। जिले में इस तरह के कई ऐसे लोग हैं जो आरटीआई के नाम पर लोगों को डरा धमका कर लाखों की उगाही करते हैं। जो लोग बिना भय से पुलिस से मामले की शिकायत करते हैं उन्हें जेल की हवा खानी पड़ती।

## धरमजयगढ़ से अचानक पहुंचे हाथियों ने दो गांवों में रौंदी फसल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल के कुदमुरा वन परिक्षेत्र में पड़ोसी धरमजयगढ़ वनमंडल से पहुंचे हाथियों ने रविवार की रात रेंज के ग्राम गीतकुंवारी व श्यांग में जमकर उत्पात मचाते हुए 9 ग्रामीणों की धान की फसल को रौंद दिया। जिससे उनको भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।

जानकारी के अनुसार तीन हाथियों के झुण्ड ने रविवार की रात कुदमुरा वन परिक्षेत्र की सीमा में प्रवेश किया और दो अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर उत्पात मचाते हुए 9 ग्रामीणों के खेतों में लहलहा रहे धान की रबी फसल को रौंद दिया। इसी तरह गीतकुंवारी में पहुंचकर एक हाथी ने चार ग्रामीणों की फसल को नुकसान पहुंचाया वहीं श्यांग में पहुंचे दो हाथियों ने पांच ग्रामीणों की फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी रविवार को सुबह मौके पर पहुंचे और नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयार की। वहीं आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। वहीं कटघोरा वनमंडल अंतर्गत केंदई रेंज के कापानवापारा व जातामाटी गांव में 31 हाथियों का झुण्ड अभी भी विचरण कर रहा है। हाथियों के इस झुण्ड ने अभी कोई बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है फिर भी वन विभाग सतर्कता बरतते हुए हाथियों की लगातार निगरानी में जुटा हुआ है।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## राशि जमा नहीं होने पर आवास हो जाएगा निरस्त, दूसरे को होगा आबंटित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास मिशन (शहरी) के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी के आवासगृहों के हितग्राहियों से निगम द्वारा कहा गया है कि वे 15 दिन के अंदर प्रथम किश्त की राशि निगम में जमा कराएं, यदि उनके द्वारा उक्त समय अवधि में प्रथम किश्त की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो आवासगृह का आबंटन निरस्त कर किसी अन्य जरूरतमंद हितग्राही को आवास आबंटित कर दिया जाएगा।

**खास बातें**

- 15 दिन के अंदर जमा कराएं आवास के प्रथम किश्त की राशि


फाइल फोटो

नगर निगम द्वारा पीएम आवास योजना सबके लिए आवास मिशन के घटक मोर मकान - मोर चिन्हारी आवास हेतु वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस, वार्ड क्र. 41 परसाभांठा, वार्ड क्र. 42 रूमगरा एवं वार्ड क्र. 16 कोहड़ियां आदि क्षेत्रों में स्थित स्लम बस्तियों से हितग्राहियों का चयन कराया गया था, उक्त क्षेत्रों में आवासीय पट्टों के वितरण के फलस्वरूप उक्त बस्तियों के चयनित हितग्राहियों से योजना में संलग्न कर्मचारियों के द्वारा पुनः भौतिक सत्यापन करते हुए इन बस्तियों के कुल 1453 हितग्राहियों के द्वारा उक्त योजना के तहत आवास लेने की सहमति दी गई थी, सहमति के उपरांत इन बस्तियों में 8 से 15 जनवरी तक कैम्प एवं मुनादी के माध्यम से योजना की प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु हितग्राहियों को अवगत कराया गया था, साथ ही निगम द्वारा आवश्यक पत्राचार कर 10 दिवस के भीतर प्रथम किश्त की राशि जमा करने हेतु सूचित भी किया गया था। यह कार्यवाही तथा इसकी सूचना स्थानीय स्तर पर सघन रूप से की गई थी, किन्तु वर्तमान तक इन हितग्राहियों के द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा नहीं की गई है और न ही उनके द्वारा कार्यालय में संपर्क कर आवास लेने में रूचि प्रदर्शित की गई है। नगर निगम द्वारा उक्त योजना के इन सभी चयनित हितग्राहियों को आवास की प्रथम किश्त जमा करने हेतु पुनः 15 दिवस का अवसर प्रदान किया गया है तथा उनसे कहा गया है कि वे अनिवार्य रूप से इस अवधि में किश्त की राशि जमा करा दें, यदि उनके द्वारा प्रथम किश्त की राशि जमा नहीं कराई जाती है तो यह समझा जाएगा कि उन्हें आवास की आवश्यकता नहीं है, परिणाम स्वरूप संबंधित हितग्राहियों का आबंटन स्वयं ही निरस्त हो जाएगा, जिसकी समस्त जवाबदारी हितग्राही की होगी तथा निगम द्वारा इस पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए उक्त आवासगृहों को मोर मकान मोर आस के तहत अन्य जरूरतमंद हितग्राही को आबंटित करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

